नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ सूर्य उपासना का महापर्व छठ

निज प्रतिनिधि

गोरखपुर, १३ नवम्बर। लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज से शुरू हो गया है। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तैयारी जोर पकड़ने लगी हैं। बाजारों में रौनक बढ़ गई है तो घरों में साफ-सफाई के साथ पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। नदी, तालाबों और मोहल्लों में बनाए जा रहे अस्थायी घाटों को सजाने-संवारने का काम भी चल रहा है। व्रतियों के लिए जगह-जगह वेदियां बनाई जा रही हैं। आज से नहाय-खाय के साथ शुरू होने वाला यह महापर्व सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूर्ण होगा। बताते चलें छठ महापर्व का पहला दिन नहाय-खाय कहलाता है। इस दिन व्रती स्नान कर शुद्धता और पवित्रता के साथ भोजन तैयार करते हैं। परंपरा के अनुसार कद्दू और चावल का प्रसाद बनाया जाता है, जिसे कद्दू-भात कहते हैं। इसके साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत हो जाती है। दूसरे दिन 14 नवंबर शनिवार को खरना होगा। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखेंगे। शाम को पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना के साथ ही व्रतियों का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। महापर्व के तीसरे दिन 15 नवंबर रविवार को व्रती निर्जल उपवास रखेंगे। शाम को नदी, तालाबों और अन्य छठ घाटों पर पहुंचकर छठ मइया की पूजा-अर्चना करेंगे। सूर्यास्त के समय शाम 5.24 बजे अस्ताचलगामी सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इस दौरान सूप में मौसमी फल, ठेकुआ, चावल के लड्डू और अन्य पूजन सामग्री सजाकर सूर्यदेव को अर्पित की जाएगी। अर्घ्य के बाद रात में व्रती जागरण करेंगे और छठ मइया की कथा सुनेंगे। छठ महापर्व के अंतिम दिन 16 नवंबर सोमवार को सुबह 6.37 बजे उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद व्रती पूजा-अर्चना कर पारण करेंगे। इसी के साथ सूर्य उपासना, संयम और श्रद्धा का चार दिवसीय महापर्व पूर्ण होगा।



♦ चार दिन चलेगा लोक आस्था का पर्व, खरना आज

दहेज हत्या में पति समेत तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में दर्ज में वांछित आरोपी मृतका के पति सूरज, सास सुदामी देवी और ननद प्रियंका उर्फ पिंकी को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। ज्ञातव्य है कि झगहां थाना क्षेत्र के ब्रम्हपुर टोला हरिलवा में गत दिनों महिला की संदिग्ध मौत मामले में मृतका के मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर मृतका के पति सूरज पुत्र रामदरश, सास सुदामी देवी पत्नी रामदरश निषाद और ननद प्रियंका उर्फ पिंकी पुत्री रामदरश निषाद के खिलाफ तहरीर दिया था। मामले में पुलिस ने मु०अ०सं० ६३५/२०२६ धारा धारा ८०(२), ८५,११५(२) भा०न्या०सं० व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा ३/४ के तहत के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरु की थी। पुलिस ने बताया मुकदमें में आरोपियों को गिरफ्तार करके उन्हें न्यायालय भेजा गया है।

महाप्रबन्धक ने किया यात्री आश्रय स्थल का निरीक्षण

गोरखपुर, १३ नवम्बर। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने आज छठ महापर्व हेतु आने एवं जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखकर गोरखपुर जं. स्टेशन के प्लेटफॉर्मों तथा यात्रियों की सुविधा के लिये यहाँ बनाये गये अस्थाई यात्री आश्रय स्थल (पैसेंजर होल्डिंग एरिया) का निरीक्षण किया तथा यहाँ बैठे यात्रियों से संवाद किया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक राजेश कुमार, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल सत्य प्रकाश, स्टेशन निदेशक, गोरखपुर जं. रतनदीप गुप्ता सहित वरिष्ठ रेल अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने मोबाइल यू.टी.एस. से अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं चिकित्सा व्यवस्था को देखा। श्रीबोरवणकर ने यात्री होल्डिंग एरिया में उपस्थित यात्रियों से होल्डिंग एरिया में प्रदत्त सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा विशेष तौर पर महिलाओं एवं युवा यात्रियों ने रेलवे की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये रेल प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। यात्रियों ने स्टेशन पर बजाये जा रहे छठ गीतों की भी सराहना की। ये छठ गीत यात्रियों को घर वापसी की सुखद अनुभूति दे रहे हैं। विदित हो कि यात्रियों की सुविधा के लिये गोरखपुर जं. स्टेशन परिसर में 5 अस्थाई यात्री होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। जिसमें प्लेटफार्म 1 एवं 2 की ओर 4 यात्री होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफॉर्म 9 की ओर 1 यात्री होल्डिंग एरिया बनाया गया है। सभी होल्डिंग एरिया में प्रॉपर जर्मन हैंगर शेड लगाये गये हैं, जिससे यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित प्रतीक्षा स्थल उपलब्ध हो सके। सभी यात्री होल्डिंग एरिया में सहायता डेस्क, मोबाइल यू.टी.एस. से अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की व्यवस्था, सभी ट्रेनों की अद्यतन समय सारिणी, बड़ी एल.ई.डी. स्क्रीन पर ट्रेनों की जानकारी, अनाउंसमेंट की व्यवस्था, चिकित्सा बूथ, शुद्ध पेयजल की सुविधा, प्रसाधन की सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त मात्रा में मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, कूलर आदि की व्यवस्था की गई है। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा हेतु रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) के जवानों की तैनाती भी की गई है। सी.सी.टी.वी. कैमरों की मदद से निरन्तर प्लेटफॉर्म, यात्री होल्डिंग एरिया एवं स्टेशन परिसर की निगरानी की जा रही है। यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने वाले कर्मचारियों की सहज पहचान के लिये विशेष कलर कोडिंग व्यवस्था की गई है। वाणिज्य विभाग, आर.पी.एफ. एवं जी.आर.पी. के उन कर्मचारियों को, जो सीधे तौर पर यात्रियों से संवाद एवं सहायता के लिये जिम्मेदार हैं, नारंगी रंग की ल्यूमिनस जैकेट उपलब्ध कराई गई हैं। रेलवे की ओर से यात्री सहायता एवं संवाद व्यवस्था से जुड़े अन्य कर्मचारियों को हरे रंग की जैकेट प्रदान की गई हैं। इससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर सम्बन्धित कर्मचारियों की तत्काल पहचान एवं उनसे सम्पर्क करने में सुविधा होगी।



बहुचर्चित सौरभ पाण्डेय हत्याकांड

चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास, दो को आर्थिक दंड

गोरखपुर, १३ नवम्बर। बहुचर्चित हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नितिन कुमार ठाकुर ने कैंट थाना क्षेत्र के खोआमंडी निवासी अभियुक्त विक्की यादव उर्फ विकास,सुनील यादव,बेलीपार थाना क्षेत्र के ककराखोर निवासी वैभव सिंह,सहजनवां थाना क्षेत्र के सिहापार सातवां टोला निवासी अभियुक्त महेंद्र यादव को आजीवन कारावास एवं विक्की यादव व वैभव को 64 हजार रुपए एवं सुनील व महेंद्र को 54 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एच एन यादव एवं सतीश यादव का कहना था कि वादी नीरज पांडेय सिविल लाइन एस एस पी कम्पाउंड गोलघर का निवासी है। 5 फरवरी 2017 की रात करीब दस बजे वादी अपने भाई सौरभ पांडेय व गौरव पांडेय के साथ खाना खा कर टहलने निकला था।सौरभ पांडेय पांच सात कदम आगे था।उसी समय अभियुक्तगण दो मोटरसाइकिल से आए और वादी के भाई सौरभ पांडेय को गोली मारकर मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गए।

डीआईजी, कमीश्नर, एसएसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १३ नवम्बर। छठ महापर्व का शुभारम्भ हो चुका है। आगामी १५ नवम्बर को व्रति महिलाएं अस्थाचलगामी सूर्य जबकि १६ नवम्बर को प्रात:काल उगते सूर्य को अर्ध्य देंगी। पुत्र की कामना व पुत्रों की दीर्घायु के लिए रखे जाने वाले इस कठिन व्रत में अर्ध्य के समय महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हैं। जिले के आलाधिकारियों के निर्देश पर जिम्मेदार घाटों की व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने जुटे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह, डीआईजी एस०चन्नप्पा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ नगर ने नगर आयुक्त अजय जैन के साथ राप्ती नदी के राजघाट स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाट पर सुरक्षा इंतजाम, श्रद्धालुओं की आवाजाही, भीड़ नियंत्रण और जलाशय के आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



अधिकारियों ने संबंधित विभागों और पुलिसकर्मियों को पर्व के दौरान पूरी सतर्कता बरतने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घाट पर आने वाले लोगों के प्रवेश और निकास द्वार व्यवस्था की जानकारी ली साथ ही भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। इस मौके पर डीआईजी ने पुलिस और एनडीआरएफ टीम को जलाशय के गहरे स्थानों और खतरनाक स्थलों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। ऐसे स्थानों पर श्रद्धालुओं को जाने से रोकने के लिए जरूरी सुरक्षा प्रबंध करने तथा लोगों को सावधान करने को कहा गया, ताकि पूजा-अर्चना और स्नान के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर निमिष पाटिल, पुलिस अधीक्षक यातायात अमित श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

२२ दिन बाद बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

गोरखपुर, १३ नवम्बर। गुलरिहा क्षेत्र स्थित सिटी हॉस्पिटल के बाहर से चोरी हुई बाइक का मुकदमा पुलिस द्वारा घटना के २२ दिन बाद दर्ज करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पिपरपाती गांव निवासी बृज बिहारी तिवारी ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि २२ अक्टूबर २०२६ को वह सिटी हॉस्पिटल में भर्ती रिश्तेदार को देखने गए थे। जहां अस्पताल के बाहर खड़ी उनकी होंडा लिवो बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी होने की सूचना उन्होंने तत्काल डॉयल ११२ पर कॉल कर पुलिस को सूचना देने के साथ ही वह मेडिकल कॉलेज चौकी भी गए थे। गुलरिहा पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धारा ३०३(२) में मुकदमा दर्ज किया है।

डीजे और पटाखा का विरोध करने पर पिता-पुत्र पर हमला, एक का फोड़ा सिर

गोरखपुर, १३ नवम्बर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी गांव के टोला अहिरौली में डीजे की तेज आवाज और घर के सामने पटाखे फोड़ने का विरोध करने पर चार युवकों ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। घटना में एक के सिर का सिर फूट जाने से वह वहीं अचेत होकर गिर गया। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हमारे-भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दिये तहरीर में टोला अहिरौली निवासी रामसजन ने लिखा है कि उनका पड़ोसी शिवम कई दिनों से रात में तेज आवाज में डीजे बजाने के साथ घर के सामने पटाखा फोड़ता था,मना करने पर अभद्रता और मारपीट पर उतारू हो जाता था।८ नवंबर की रात लगभग ११:४० बजे एक बार फिर शिवर अपने दोस्त कन्हैया, अमन और शिवानंद तिवारी के साथ घर के सामने सीढ़ियों पर पटाखे फोड़ने लगा, जिसपर उनका बेटा मंटू उन्हें पटाखे कहीं और फोड़ने और डीजे की आवाज कम करने को कहा। आरोप है कि चारों युवक मना करने के बाद भी उनके दूसरे घर की खिड़की पर पटाखे फोड़ना शुरु कर दिया जहां वह स्वयं सोये हुए थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तब दबंगों ने घर में घुसकर पिता पुत्र पर डंडा और लोहे की राड से हमला कर दिये जिसमें मंटू का सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। घटना की सूचना उन्होंने डॉयल ११२ पर सूचना दिया। मामले में पुलिस का कहना है कि मिली तहरीर के आधार पर शिवम, कन्हैया, अमन और शिवानंद के खिलाफ बीएनएस की धारा ११५(२), ११०, ३५१(३), ३५२, ३३३ भा०न्या०सं० के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

जनगणना-2027 की तैयारियों एवं स्व. गणना को लेकर को दी गई ट्रेनिंग

गोरखपुर, १३ नवम्बर। जनगणना-2027 के दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना को सकुशल, त्रुटिरहित और निर्धारित समयसीमा में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले में इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए कुल 10,512 प्रगणकों और सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। रिजर्व स्टाफ, मास्टर ट्रेनर्स और अन्य सहायक कर्मचारियों को मिलाकर लगभग 11 हजार कर्मचारी जनगणना कार्य में लगाए जाएंगे। जिले में कुल 11,185 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें 2360 ब्लॉक नगर निगम क्षेत्र में शामिल हैं। प्रत्येक प्रगणक को औसतन 850 की आबादी की गणना की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।जनगणना की तैयारियों के लिए जिलाधिकारी, प्रमुख जनगणना अधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस परिसर एनेक्सी सभागार में प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना निदेशालय से आए विशेषज्ञ वैशाली शुक्ला और शैलेंद्र कुमार ने अधिकारियों को जनगणना की पूरी प्रक्रिया, निर्धारित समय-सारिणी, परिवार अनुसूची भरने और डिजिटल माध्यम से आंकड़े दर्ज करने की बारीकियां समझाईं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, अपर नगर आयुक्त, नगर जनगणना अधिकारी प्रमोद कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व, जिला जनगणना अधिकारी जय प्रकाश, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और जनगणना कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

♦ 16 नवंबर से 30 नवंबर तक होगा स्व-गणना का चरण ♦जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में एनेक्सी भवन में कार्यशाला, जनगणना निदेशालय से आए विशेषज्ञों ने समझाई पूरी प्रक्रिया

जगदीशपुर में किसान गोष्ठी में दी गई जानकारी

गोरखपुर, १३ नवम्बर। सोनबरसा पिपराइच ब्लॉक के जगदीशपुर स्थित पंचायत भवन पर शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें



विभागीय अधिकारियों ने किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी और खेती-किसानी से जुड़ी उनकी समस्याओं का समाधान किया। सोनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार गोष्ठी में अधिकारियों ने खेत बचाओ अभियान, जैविक खेती, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री और बीज बुकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान किसानों को विभागीय योजनाओं से जुड़ने और उनका सीधा लाभ लेने की प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई गई। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) दशरथ भारती, सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) चंद्र प्रकाश शर्मा और कृषि प्राविधिक सहायक सत्येंद्र कुमार यादव ने किसानों के सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर शैलेश सिंह, कमला, सुरेंद्र, रामआधार विश्वकर्मा, मुन्ना भगत, सर्वदेव मौर्य और राम सुदिन वर्मा सहित क्षेत्र के तमाम किसान उपस्थित रहे।

पुण्य तिथि पर याद किये गये पूर्व विधायक जगदीश लाल

गोरखपुर, १३ नवम्बर। समाजवादी चिंतक, विचारक, लोकतंत्र सेनानी, गोरखपुर विश्वविद्यालय, छात्रसंघ के



भूतपूर्व अध्यक्ष श्रद्धेय जगदीश लाल पूर्व विधायक की द स वी पुण्यतिथि पर आज गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं युवा आक्रोश कारण और निवारण विषय पर व्याख्यान का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया।श्रद्धांजली सभा एवं व्याख्यान की अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी सेवा संस्थान उ.प्र. के अध्यक्ष एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय छात्रसंघ के भूतपूर्व अध्यक्ष रामसिंह एवं संचालन बसपा के वरिष्ठ नेता ओम नारायण पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो. अनन्त मिश्रा, वर्धा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. चितरंजन मिश्र एवं गोरखपुर के महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित सभी नेताओं एवं साथियों द्वारा सामूहिक रूप से स्व. जगदीश लाल के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजली अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में विषय प्रस्तुत समाजवादी नेता अश्वनी पाण्डेय ने किया। गोरखपुर विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो. अनन्त मिश्र ने साथी जगदीश लाल को अपना सहपाठी बताते हुए उनके जुझारू और संघर्ष को बताया और कहा कि आप लोगों में से एक भी जगदीश लाल बन जाय तो व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई चरम पर होगी। गोरखपुर के महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव ने स्व. जगदीश लाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. जगदीश लाल शुचिता और जायज मांगों को लेकर लोक तांत्रिक तरीके से जुल्म और अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ते थें। गोरखपुर विश्वविद्यालय छात्रसंघ के भूतपूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, डा. विभ्राट चन्द कौशिक, डा. भानू प्रताप सिंह, पूर्व महापौर डा. सत्या पाण्डेय, छेदी लाल यादव, जनता दल यू के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शाही, लोकतंत्र सेनानी हरिश्चन्द्र पाण्डेय, कार्यक्रम के समापन में स्व. जगदीश लाल के पुत्र गौतमलाल श्रीवास्तव एवं मनीष कुमार श्रीवास्तव ने आये हुए सभी सम्मानित जनों का स्वागत करते हुए हृदय से आभार प्रकट किया।

डॉ. राकेश श्रीवास्तव बने के ब्रांड एम्बेसडर

गोरखपुर, १३ नवम्बर। भोजपुरी भाषा, लोक संस्कृति एवं पारंपरिक लोक संगीत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर समर्पित प्रख्यात लोक गायक एवं लोक कला साधक डॉ. राकेश श्रीवास्तव को 'जय भोजपुरी-जय भोजपुरिया' परिवार का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर भोजपुरी के प्रख्यात साहित्यकार एवं सांस्कृतिक व्यक्तित्व मनोज भावुक, संस्था के अध्यक्ष सतीश त्रिपाठी तथा उपाध्यक्ष संगीत सुभाष ने डॉ. राकेश श्रीवास्तव को ब्रांड एम्बेसडर का सम्मान प्रदान किया।

छठ महापर्व के लिए घाट सज धज के तैयार

गोरखपुर, १३ नवम्बर। पिपराइच विकासखंड के जगदीशपुर चनकापुर मलपुर रामूडीहा सोनबरसा बेलवा बाबू कोनी सिहोरिया पिपरा बसंत आदि घाटों पर छठ महापर्व के लिए घाटों की साफ सफाई एवं बेदियों की साफ सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार सभी पोखरो की साफ सफाई एवं घाट का सुंदरीकरण ग्रामीणों ने अपने श्रमदान से किया हैजगदीशपुर शिव शक्ति धाम के घाट पर एवं मालपुर के शिव मंदिर के घाट पर भव्य पंडाल कारीगर बनाने में लगे हैं इस पंडाल में छठ माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी जगदीशपुर के घाट पर बृहद मेला भी लगता है इस घाट पर अगल-बगल की ग्रामीणों की छठ व्रती महिलाएं सूर्य उपासना के लिए अर्घ्य देने के लिए गाजे बाजे के साथ आती हैंऔर उगते हुए सुर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूर्ण करके अपने अपने घर जाती हैं।

किसान दिवस 18 को

गोरखपुर, १३ नवम्बर। कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिलाधिकारी,की अध्यक्षता में माह-नवम्बर, 2026 के तृतीय बुधवार 18 नवम्बर को योगीराज बाबा गम्भीर नाथ प्रेक्षागृह में पूर्वान्ह 10 बजे से किसान दिवस का आयोजन किया जाना नियत है।

सीएम योगी ने भगवती प्रसाद जालान के निधन पर जताया शोक

गोरखपुर, १३ नवम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साहबगंज निवासी विकास जालान के पिता भगवती प्रसाद जालान के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने विकास जालान को शोक संदेश भेजकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अत्यंत दुखदायी होता है, लेकिन जन्म-मरण का चक्र जीवन की नश्वरता और सच्चाई का बोध भी कराता है।

गोरखपुर में उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट ऑफिस खोलेगा मलेशिया का वर्ल्डफिश सेंटर

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १३ नवम्बर। वर्ल्डफिश गोरखपुर में उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट ऑफिस खोलेगी। इस निमित्त शुक्रवार को उत्तर प्रदेश, मत्स्य विभाग तथा वर्ल्ड फिश सेंटर, मलेशिया के बीच एमओयू हुआ। समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान उत्तर प्रदेश सरकार की महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. व वर्ल्डफिश सेंटर, मलेशिया के महानिदेशक डॉ. ईसाम यासीन मोहम्मद ने किया। योजना के माध्यम से पूर्वांचल के मत्स्य पालकों, हैचरी संचालकों, युवाओं, शोधकर्ताओं एवं विभागीय कार्मिकों को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज की उपलब्धता, आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों के प्रसार तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना है। योजना के माध्यम से प्रदेश में आधुनिक मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र, हैचरी विकसित कर उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता एवं खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना साथ ही उन्नत प्रजातियों के गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज उत्पादन तकनीक का विकास एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं मत्स्य पालकों का तकनीकी प्रशिक्षण व एक्सपोज़र विजिट के माध्यम से क्षमता विकास करना है। डीजी मत्स्य ने बताया कि वर्ल्डफिश उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट द्वारा पेंगेसियस एवं तड्डस्त्रज्ञ तिलापिया जैसी उन्नत मत्स्य प्रजातियों के हैचरी बीज उत्पादन हेतु तकनीकी सहयोग एवं हैंडहोल्डिंग प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत ब्रूड स्टॉक प्रबंधन, प्रजनन, स्पॉन, फ्राई एवं फिंगरलिंग उत्पादन की समस्त प्रक्रियाओं में तकनीकी विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। एमओयू के दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव (मत्स्य) मुकेश कुमार मेश्राम आई ए एस, वर्ल्डफिश सेंटर, मलेशिया के महानिदेशक डॉ. ईसाम यासीन मोहम्मद, भारत में वर्ल्डफिश के प्रतिनिधि अरुण पड़ियार सहित मत्स्य विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।



♦ मत्स्य विभाग व वर्ल्डफिश सेंटर के मध्य शुक्रवार को हुआ एमओयू

वृहद रोजगार मेला 19, 21 और 23 को

गोरखपुर, १३ नवम्बर। शासन के मंशा के अनुसार एवं उ.प्र. रोजगार मिषन के अन्तर्गत विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला 19 नवम्बर को संत रविदास बलिका इण्टर कालेज, नई बाजार, चौरी-चौरा, गोरखपुर (चौरी-चौरा विधानसभा के अन्तर्गत), 21 नवम्बर को स्थान बापू पी.जी. कालेज, पीपीगंज, गोरखपुर (कैम्पियरगंज विधानसभा के अन्तर्गत) एवं 23 नवम्बर को वीर बहादुर सिंह पी. जी. कालेज, खजनी, गोरखपुर, (खजनी विधानसभा के अन्तर्गत) में सुनिश्चित किया गया हैं। इस रोजगार मेलें मे निजी क्षेत्र की कम से कम 20 प्रतिष्ठित कम्पनियों से सम्पर्क किया जा रहा है। जिसमें आयुसीमा 18-45 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल से स्नातक तक टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल के पुरूष/महिला अभ्यर्थी अर्ह होगें। कम्पनी द्वारा वेतन व भत्ते अनुमन्य है।

योगी सरकार में परिवहन सुविधाओं से रात का सफर हुआ आसान

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १३ नवम्बर। बेहतर कानून-व्यवस्था और परिवहन सुविधाओं के विस्तार से उत्तर प्रदेश में सड़क यात्राएं पहले की तुलना में अधिक सुगम हुई हैं। इसका असर रात के समय होने वाले सफर पर भी दिखाई दे रहा है। अब लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों के पास रात्रिकालीन बस सेवाओं का बेहतर विकल्प उपलब्ध है। महिलाएं, बुजुर्ग और कामकाजी लोग भी अपनी सुविधानुसार रात में यात्रा कर पा रहे हैं। प्रदेश में परिवहन सेवाओं के विस्तार और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों से यात्रियों का भरोसा बढ़ा है।रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार सिंह के मुताबिक, गोरखपुर से विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए रोडवेज की 80 बसें विशेष रूप से रात्रिकालीन सेवा के तहत संचालित की जा रही हैं। इन बसों में महिलाओं, बुजुर्गों और अकेले यात्रा करने वाले कामकाजी लोगों को भी सुविधाजनक सफर का विकल्प मिल रहा है। निजी बस ऑपरेटर भी लंबी दूरी के अधिकतर मार्गों पर रात के समय बसों का संचालन कर रहे हैं, ताकि यात्री सुबह समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। त्योहारों के दौरान घर लौटने और काम पर वापस जाने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यूपी रोडवेज ने भी विशेष इंतजाम किए हैं। दीपावली के बाद अब लोक आस्था के महापर्व छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज प्रशासन ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है। इसी क्रम में 8 नवंबर से 15 नवंबर तक गोरखपुर क्षेत्र के आठ डिपो से विभिन्न प्रमुख मार्गों पर 300 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जा रहा है। इससे दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज समेत पूर्वांचल के अन्य जिलों में आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिल रही है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक के मुताबिक, छठ पर्व के दौरान पूर्वांचल की ओर आने वाले यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है। यात्रियों को बस स्टेशनों पर अधिक देर तक इंतजार न करना पड़े, इसके लिए बसों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं। रात्रिकालीन सेवाओं के दौरान चालकों और परिचालकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

♦ गोरखपुर से रोडवेज की 80 बसें रात्रिकालीन सेवा के तहत संचालित♦छठ महापर्व पर गोरखपुर क्षेत्र के आठ डिपो से 300 अतिरिक्त बसों का हो रहा संचालन